
बाईबल फॉर चिल्ड्रन
प्रस्तुत करता है



# स्वर्ग, खुदा का खूबसूरत घर

लेखक: Edward Hughes

व्याख्याता: Lazarus
Alastair Paterson


अनुकूलक: Sarah S.

अनुवादक: christian-translation.com

निर्माता: Bible for Children
www.M1914.org

©2020 Bible for Children, Inc.
लाइसेंस: आपको इस कहानी की नक़ल बनाने या छापने का अधिकार है, जब तक कि आप इसे बेचते नहीं हैं।

जब यीशु ज़मीन पर रहा तो उसने अपने चेलों को स्वर्ग के बारे में बताया। उसने उसे "मेरे बाप का घर" कहा, और कहा कि वहाँ और कई हवेलियाँ हैं। हवेली एक बड़ा, खूबसूरत घर होता है। स्वर्ग किसी भी सांसारिक घर से बड़ा और ज़्यादा खूबसूरत है।



यीशु ने कहा, "मैं तुम्हारे लिए एक जगह तैयार करने जाता हूँ। और अगर मैं जाकर तुम्हारे लिए जगह तैयार करता हूँ, तो मैं फिर से आऊँगा और तुम्हें अपने साथ ले जाऊँगा।" यीशु सच में स्वर्ग गया, जब वह मुर्दों में से जी उठा था। जब उसके चेले देख रहे थे, यीशु को ऊपर उठा लिया गया, और एक बादल ने उन्हें उनकी नजर से अलग कर दिया।




तब से, मसीहियों ने यीशु के वापस आने और उन्हें अपने साथ ले जाने के वायदे को याद रखा हुआ है। यीशु ने कहा कि वह अचानक लौट आएगा, जब कम से कम उम्मीद होगी। उन मसीहियों का क्या जो उसके वापस आने से पहले मर गए हैं? बाईबल कहती है कि वे सीधे यीशु के साथ होने के लिए चले जाते हैं। शरीर से गैरहाज़िर





होना खुदा के साथ हाज़िर होना है।

प्रकाशितवाक्य, बाईबल की आखिरी किताब, बताती है कि स्वर्ग कितना शानदार है। सबसे अनोखी बात यह है कि, एक बहुत ही खास तरीके से, स्वर्ग खुदा का घर है। खुदा हर जगह है, लेकिन उसका सिंहासन स्वर्ग में है।




स्वर्ग में फ़रिश्ते और अन्य आसमानी जीव खुदा की ईबादत करते हैं। और ऐसे वे सब खुदा के लोग भी जो मर गए हैं और स्वर्ग चले गए हैं । वे खुदा की तारीफ़ के लिए खास गीत गाते हैं।




और यहाँ ऐसे गीत के कुछ बोल हैं
जो वे गाते हैं: तू योग्य है क्योंकि तू ने
वध हो कर अपने लोहू से हर एक
कुल और जाति में से खुदा के लिये
लोगों को मोल लिया है और हमें
खुदा के लिए राजा और
याजक बनाया
है (प्रका. 5:9)




बाईबल के आखरी पन्नों में स्वर्ग का वर्णन "एक नए यरूशलेम" के रूप में किया गया है। यह बहुत, बहुत बड़ा है, जिसके बाहर एक ऊंची दीवार है। दीवार मणि पत्थर की है, जो स्फटिक की तरह साफ है। मणियाँ और कीमती पत्थर सुंदर रंगों के साथ चमकते हुए दीवार की नींव को ढाँकते हैं। शहर का हर एक दरवाजा एक विशाल मोती से बना है!




वह बढ़े मोतियों के दरवाजे कभी बंद नहीं होते हैं। आओ उसके अंदर चलें और सारी ओर देखें... वाह! स्वर्ग अंदर से और भी खूबसूरत है। शहर शुद्ध सोने से बना है, जैसे साफ़ काँच हो। यहाँ तक कि सड़क भी सोने से बनी है।




जीवन के जल की एक सुंदर, साफ़ नदी खुदा के सिंहासन से बहती है। नदी के दोनों ओर जीवन का पेड़ है, जो पहले अदन के बाग़ में पाया जाता था। यह पेड़ बहुत खास है। यह बारह अलग-अलग तरह के फल देता है, हर महीने एक अलग तरह का फल। और जीवन के पेड़ के पत्ते जातियों की चंगाई के लिए हैं।



स्वर्ग को रोशनी के लिए सूरज या चाँद की जरुरत नहीं है। खुदा की अपनी महिमा इसे अनोखी रोशनी से भर देती है। वहाँ कभी भी कोई रात नहीं होती।



यहाँ तक कि स्वर्ग के जानवर भी अलग हैं। वे सभी काबू में हैं और दोस्त जैसे हैं। भेड़िये और भेड़ें एक साथ घास खाते हैं। यहाँ तक कि ताकतवर शेर भी बैल की तरह भूसा खा रहे हैं। खुदावंद कहता है, "ये मेरे सारे पवित्र पर्वत पर न ही दुःख देंगे और न नाश करेंगे।"



जैसा कि हम चारों ओर देखते हैं, हम ध्यान देते हैं कि स्वर्ग से चीजें गायब हैं। कोई भी गुस्से भरे शब्द कभी भी सुने नहीं जाते हैं। कोई भी लड़ नहीं रहा है या स्वार्थी है।




दरवाजों पर ताले नहीं हैं, क्योंकि स्वर्ग में चोर नहीं हैं। कोई झूठे, हत्यारे, जादूगर, या अन्य बुरे लोग नहीं हैं। स्वर्ग में किसी भी तरह का कोई पाप नहीं हैं।





खुदा के साथ स्वर्ग में और अधिक आँसू नहीं हैं। कभी-कभी, खुदा के लोग इस जीवन में बड़े दुखों की वजह से रोते हैं। स्वर्ग में, खुदा सभी आँसुओं को पोंछे देगा।


स्वर्ग में कोई मौत भी नहीं है। खुदा के लोग हमेशा के लिए प्रभु के साथ रहेंगे। अब और दुख नहीं है, न रोना है, न कोई दर्द है। कोई बीमारी नहीं, कोई जुदाई नहीं, कोई जनाज़े नहीं। स्वर्ग में हर कोई खुदा के साथ हमेशा के लिए खुश है।



सबसे अच्छा, स्वर्ग लड़कों और लड़कियों के लिए है (और बुजुर्गों के लिए भी) जो यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में मानते हैं और अपने खुदावंद के रूप में उसकी आज्ञा भी मानते हैं। स्वर्ग में एक पुस्तक है, जिसे मेमने की पुस्तक कहा जाता है। यह लोगों के नामों से भरी है।

क्या आपको पता है कि उसमें किसके नाम लिखे गए हैं?

उन सभी लोगों के जो यीशु पर अपना भरोसा रखते हैं।




क्या आपका नाम उसमें है?

स्वर्ग के बारे में बाईबल के आखिरी शब्द एक शानदार बुलावा हैं। "और आत्मा और दुल्हन कहते हैं, 'आ जाओ!' और जो यह सुनता है वो कहे 'आ जाओ!' और जो प्यासा है उसे आने दो। और जो कोई भी इच्छा रखता है, उसे मुफ्त में जीवन का पानी लेने दो।"



# स्वर्ग, खुदा का खूबसूरत घर

खुदा के कलाम, बाईबल में से कहानी

में मिलती है

यूहन्ना **14; 2** कुरिन्थियों **5;**
प्रकाशितवाक्य **4, 21, 22**

“तेरी बातों के खुलने से प्रकाश होता है।”
भजन संहिता **119:130**

खतम

बाईबल की यह कहानी हमें हमारे अनोखे खुदा के बारे में
बताती है जिसने हमें बनाया और जो चाहता है कि तुम उसे जानों।

खुदा जानता है कि हमने बुरे काम किए हैं, जिसे वह गुनाह कहता है। गुनाह
की सजा मौत है, लेकिन खुदा तुमसे बहुत मोहब्बत करता है, उसने अपने इकलौते
बेटे यीशु को भेजा, सलीब पर मरने और तुम्हारे गुनाहों की सजा के लिए। फिर
यीशु दोबारा ज़िंदा हो गया और अपने घर स्वर्ग वापस चला गया! यदि तुम यीशु
पर ईमान लाते हो और उसे तुम्हारे गुनाहों को माफ़ करने के लिए कहते हो,
तो वह ऐसा करेगा! वह अब आएगा और तुम में वास करेगा,
और तुम हमेशा उसके साथ रहोगे।

यदि तुम्हें लगता है कि यह सच्चाई है, तो खुदा से यह कहो: प्यारे यीशु,
मेरा ईमान है कि तु खुदा है, और मेरे गुनाहों के कारण मरने के लिए एक इंसान
बन गया, और अब तु फिर से जिन्दा है। कृपया मेरे जीवन में आ जा और मेरे
गुनाहों को माफ़ कर दे, ताकि मेरे पास अब नया जीवन हो और एक दिन
हमेशा के लिए तेरे पास आ जाऊँ। तेरी बात मानने और तेरे बच्चे के जैसे
तेरे लिए जीने में मेरी मदद कर। आमीन।

बाईबल पढ़ें और हर दिन खुदा के साथ बात करें! यहुन्ना **3:16**